21 फरवरी 2026
शनिवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



श्रम अधिकार दिवस पर गूंजा जागरूकता का संदेश, 136 पंचायतों के श्रमिक बने बदलाव

3



## एक नजर

### बंगाल के प्रसिद्ध साहित्यकार शंकर का निधन

**कोलकाता।** बंगला साहित्य के विराट आकाश का एक उज्ज्वल सितारा अब सदा के लिए ओझल हो गया। प्रख्यात साहित्यकार मणिशंकर मुखोपाध्याय, जिन्हें साहित्य जगत शंकर के नाम से जानता है, का 93 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। उनके जाने से केवल एक रचनाकार नहीं, बल्कि एक जीवंत युग, एक चलता-फिरता इतिहास और संवेदनाओं से भरी एक पूरी दुनिया जैसे थम गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शंकर का निधन बंगाल की सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपरा के लिए अपूरणीय क्षति है। शंकर उन विरल रचनाकारों में थे जिन्होंने जीवन को दूर से नहीं, बहुत करीब से देखा और जिया। हावड़ा के एक साधारण मध्यवर्गीय परिवार से निकलकर उन्होंने संघर्षों के बीच अपनी राह बनाई। युवा अवस्था में नौकरी की तलाश में कोलकाता की सड़कों पर भटकते इस युवक ने जीवन की कठोर सच्चाइयों को बहुत जल्दी समझ लिया था।

### मुकेश और नीता अंबानी ने किया हिलेरी क्लिंटन का शानदार स्वागत

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी एवं रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर-चेयरपर्सन नीता अंबानी ने अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन को मुंबई में स्थित अपने मशहूर घर 'एंटीलिया' में आमंत्रित किया। हिलेरी क्लिंटन के साथ अंबानी परिवार की यह शाम दोस्ती, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भविष्य की चचाओं से भरी हुई थी। मुकेश और नीता अंबानी के साथ उनकी बेटी ईशा अंबानी भी थीं, जो रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डायरेक्टर हैं। इस मुलाकात में भारतीय मेहमाननवाजी के साथ-साथ कला एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए साझा दिलचस्पी भी देखने को मिली। यह छोटी सी पार्टी हल्के लाइव संगीत के साथ शुरू हुई, जिसने माहौल को शांत और खुशनुमा बना दिया।

## बंगाल में एसआईआर पर घमासान : 'सुप्रीम' निर्देश के बाद हरकत में राज्य चुनाव आयोग



**एजेंसी। कोलकाता**

चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची को लेकर सियासी हलचल तेज है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अंतिम वोटर लिस्ट तय समय पर आएगी? इस पर स्थिति साफ करते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपना रुख साफ किया है। पश्चिम बंगाल में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य की सियासत में गर्माहट तेज है। इसका एक कारण चुनावी रण में राजनीतिक पार्टियों की तेज होती तैयारी है, तो दूसरा बड़ा कारण चुनाव आयोग की तरफ से राज्य में कराए जा रहा मतदाता सूची का विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और राज्य में ममता सरकार बनाम चुनाव आयोग के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने इस मामले में अपना रुख साफ किया है। कुमार ने इस पूरे मामले में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को भरोसा दिलाया है कि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को तय समय पर जारी की जाएगी। सीईओ कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, जिन मामलों में तार्किक विसंगतियां पाई गई हैं, उन्हें अलग रखकर न्यायिक अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। इन मामलों की जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सेवा में कार्यरत और सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की तरफ से की जाएगी। बाकी सभी नामों के साथ अंतिम सूची 28 फरवरी को प्रकाशित कर दी जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हरकत में आयोग

बता दें कि राज्य चुनाव आयोग की तरफ से बयान ऐसे समय में आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बंगाल एसआईआर मामले में सुनवाई के दौरान निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान आए दावों और आपत्तियों की निगरानी न्यायिक अधिकारी करें। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने खुद राज्य के सीईओ से संपर्क कर पूछा था कि क्या इस आदेश के कारण अंतिम मतदाता सूची जारी करने की तारीख टालनी पड़ेगी।

## मानहानि केस में सुल्तानपुर पहुंचकर राहुल गांधी ने दर्ज कराया बयान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार (20 फरवरी, 2026) को यूपी के सुल्तानपुर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट में अपना बयान दर्ज करवाया. राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला की मानें तो उन्होंने अपने बयान को निराधार बताया और इस मुकदमे को राजनीति से प्रेरित बताया. इस मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को होनी है. यह मामला करीब 8 साल पुराना है. कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान एक प्रेस वार्ता में राहुल ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में गृहमंत्री अमित शाह पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी. इसी टिप्पणी से नाराज होकर सुल्तानपुर के बीजेपी नेता और पूर्व को-ऑपरेटिव चेयरमैन विजय मिश्रा ने एक केस दाखिल किया था. इसे कोर्ट ने करीब तीन साल पहले स्वीकार कर लिया था. साथ ही राहुल के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया था. इसी मामले में बीते साल 20 फरवरी को राहुल गांधी ने सुल्तानपुर पहुंचकर अपनी जमानत करवा ली थी. 26 जुलाई को एमपी एमएलए कोर्ट में अपना बयान भी दर्ज करवा दिया था।

असम से ₹6900 करोड़ की योजना लॉन्च की

# कांग्रेस ने सीमाएं खुली छोड़ीं घुसपैठ बढ़ी : अमित शाह

कहा- 5 साल में राज्य को बाढ़मुक्त करेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने देश की सीमाएं खुली छोड़ दी थीं, जिसकी वजह से असम में घुसपैठ बढ़ी। भाजपा सरकार ने इस समस्या से सख्ती से निपटा है। शाह ने असम के कछार जिले में जनसभा में कहा कि कांग्रेस के शासन में असम में कोई विकास कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ। आज राज्य में हर दिन 14 किलोमीटर सड़क बन रही है, जो देश में सबसे ज्यादा है। शाह दो दिन के लिए असम दौरे पर हैं। उन्होंने कछार के नाथनपुर गांव से 6,900 करोड़ रुपए की वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम के दूसरे चरण की शुरूआत की। इसके तहत देशभर के 15 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगा। शाह नाथनपुर स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा चौकी का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। वे शनिवार को गुवाहाटी के अर्जुन भोगेश्वर बरुआ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उपद्ध्रऋ के वार्षिक दिवस परेड में शामिल होंगे। यह आयोजन पहली बार पूर्वोत्तर में हो रहा है। इसके अलावा वे सोनापुर के कसुतोली में 10वीं असम पुलिस बटालियन के नए परिसर की आधारशिला रखेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह असम के दौरे से पहले बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी राज्य का दौरा किया था।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी दो दिन के असम दौरे पर है। प्रियंका शुक्रवार सुबह गुवाहाटी के पास सोनापुर पहुंचीं। यहां उन्होंने गायक जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। प्रियंका ने कहा कि असम के सीएम चुनाव से पहले डर गए हैं, इसलिए इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्हें निजी आरोपों की बजाय राज्य के विकास पर बात करनी चाहिए। गौरव जी और उनके परिवार को जिस तरह निशाना बनाया जा रहा है, उससे साफ है कि यह गलत राजनीति है।

### असम में अप्रैल के पहले हफ्ते में वोटिंग संभव

असम विधानसभा के चुनाव अप्रैल के पहले हफ्ते में हो सकते हैं। चुनाव आयोग इसका ऐलान अगले महीने 4 से 8 मार्च के बीच कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी 126 सीटों के लिए एक या अधिकतम दो फेज में वोटिंग होने की संभावना है। कांग्रेस सहित राज्य की छोटी-बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग के साथ बैठक में इसकी मांग रखी है। पार्टियों ने चुनाव की तारीख बिहू त्योहार के आसपास रखने की अपील की है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग वोटिंग कर सके।

### सीआरपीएफ के परेड में भी शामिल होंगे

शाह नाथनपुर स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा चौकी का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। वे शनिवार को गुवाहाटी के अर्जुन भोगेश्वर बरुआ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उपद्ध्रऋ के वार्षिक दिवस परेड में शामिल होंगे। यह आयोजन पहली बार पूर्वोत्तर में हो रहा है। इसके अलावा वे सोनापुर के कसुतोली में 10वीं असम पुलिस बटालियन के नए परिसर की आधारशिला रखेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एआई स्टार्टअप फाउंडर्स से की बात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने एआई इम्पैक्ट सम्मिट 2026 में एआई स्टार्टअप के फाउंडर्स से बातचीत की. जिन एआई स्टार्टअप के फाउंडर्स से पीएम ने बात की उनमें ब्रेनसाइट एआई की सीईओ लैना इमैनुएल, eka care के सीईओ विकल्प साहनी, क्रेडो एआई की फाउंडर नवरिना सिंह, मिको सीईओ स्नेह वासवानी, अदालत एआई के फाउंडर अर्घ्य भट्टाचार्य, इनविडियो के सीईओ संकेत शाह, एसेन के फाउंडर स्पर्श अग्रवाल, सतस्यूर के सीईओ प्रतीप बसु और प्रोफस टेक्नोलाजीस की को-फाउंडर लक्ष्मी दास शामिल रहीं. आइए जानते हैं कि इन एआई स्टार्टअप के फाउंडर्स ने क्या कहा.लैना इमैनुएल ने कहा, प्राइम मिनिस्टर से बात करके हमेशा ही एक एक्स्ट्रा विजन मिलता है. आप दुनिया को कैसे बदलना चाहते हैं? मुझे लगता है पीएम मोदी वो विजन और इम्प्लीमेंटेशन दोनों लाते हैं. स्टार्टअप्स में ये हमेशा इन्वेस्टर्स हमसे कहते हैं कि आपको विजन और सप्लीमेंट दोनों की जरूरत है. मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री बहुत विजनरी हैं, जो यह भी जानते हैं कि चीजों को कैसे लागू करना है. यह कमाल की बात है।

### प्रधानमंत्री से बातचीत जोश भर देती है

उन्होंने कहा, पहली बात तो प्रधानमंत्री से बात करना अपने आप में एक जोश से भर देता है. वो इतने डेप्थ में इतनी सारी चीजों को जानते हैं और उनके बारे में बातें करते हैं, सवाल करते हैं, वो अपने आप में अद्वितीय है. उन्होंने बताया कि कैसे आरोग्य मंदिर और इन सब जगह पर हेल्थ एआई की काफी आवश्यकता है. इस समिट में मुझे उनसे बात करने का मौका मिला, ये अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## गौरव गोगोई सही रास्ते पर हैं : प्रियंका गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को कहा कि गौरव गोगोई और उनके परिवार को पाकिस्तान लिंक के आरोपों में घसीटना गलत राजनीति है।प्रियंका ने कहा कि असम के सीएम चुनाव से पहले डर गए हैं, इसलिए इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्हें निजी आरोपों की बजाय राज्य के विकास पर बात करनी चाहिए। प्रियंका बोली- गौरव जी और उनके परिवार को जिस तरह निशाना बनाया जा रहा है, उससे साफ है कि यह गलत राजनीति है। असम की जनता जानती है कि दूसरी तरफ के लोग उनसे घबराए हुए हैं। वह सही रास्ते पर चल रहे हैं। प्रियंका गांधी का आज असम दौरे का दूसरा दिन है। सुबह वह गुवाहाटी के पास सोनापुर पहुंचीं। गायक जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। प्रियंका गांधी ने हिमंता के उस बयान का भी जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया था।






केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 21 फरवरी 2026
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# एक माह में शुरू होगा लाइट एंड साउंड शो, डीएम ने कसी कमर




■ परीक्षा केंद्रों के आसपास सफाई, शहर में सघन फॉगिंग और विकास चौक बनाने का निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई और लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक का प्रमुख एजेंडा लाइट एंड साउंड शो की प्रगति की समीक्षा रहा। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आगामी एक माह के भीतर सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूर्ण कर शो का विधिवत संचालन आम जनता के लिए प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर को निर्देश दिया कि बीईसीआईएल से हस्तांतरण पत्र शीघ्र प्राप्त कर लिया जाए। साथ ही नगर परिषद के कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिलाकर शो संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजना धरातल पर उतर सके और लोग इसका लाभ उठा सकें।

परीक्षा सत्र को देखते हुए डीएम ने विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षार्थी को गंदगी, कचरा या जलजमाव के कारण असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी नगर निकायों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जाए।

शहर में बढ़ती मच्छरों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने सभी नगर निकाय क्षेत्रों में सघन एवं प्रभावी फॉगिंग अभियान चलाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि मच्छरों और अन्य कीड़े-मकौड़ों से निजात दिलाने के लिए नियमित अंतराल पर फॉगिंग कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और संक्रामक बीमारियों की आशंका कम हो।

शहरी क्षेत्रों में उड़ती धूल पर भी डीएम ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन इलाकों में धूल की समस्या अधिक है, वहां स्थायी रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। इससे प्रदूषण में कमी आएगी और राहगीरों को राहत मिलेगी।

बैठक में शहर के सौंदर्यीकरण और पहचान को सुदृढ़ करने के लिए एक नई पहल पर भी चर्चा हुई। डीएम ने सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र के किसी एक प्रमुख चौक को ह्यविकास चौकह्न के रूप में विकसित किया जाए। इस चौक पर शहर की विशेषताओं, प्रमुख धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और अन्य संसाधनों को दर्शाने की व्यवस्था की जाए, ताकि शहर की पहचान मजबूत हो और आगंतुकों को समुचित जानकारी मिल सके।

धार्मिक स्थलों की व्यवस्था को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। डीएम ने बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के गर्भगृह से महत्वपूर्ण पर्वों के दिनों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले फूल, पत्ते एवं अन्य पूजा सामग्रियों के पुनर्चक्रण के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा मिल सके।

बैठक के अंत में डीएम ने दो टूक कहा कि सभी निर्देशों का पालन तय समयसीमा में होना चाहिए। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से अगलगी के बाद अगले दिन बैंक ऑफ इंडिया की सोवां शाखा में ठप रही सेवाएं

■ सोवां शाखा में आग से सिस्टम जले, वैकल्पिक इंतजाम से ग्राहकों को मिलेगी राहत, प्रबंधक ने दर्ज कराया एफआईआर, जांच में जुटी पुलिस




**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

सोवां गांव स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में गुरुवार की देर शाम अचानक आग लगने से हड़-कंप मच गया था। शुरूआती जांच में आग लगने की वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग की चपेट में आकर शाखा के कंप्यूटर सिस्टम, जरूरी दस्तावेज और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे शुक्रवार को पूरे दिन बैंकिंग सेवाएं ठप रहीं। बता दें कि गुरुवार शाम बैंक परिसर से धुआं उठता देख आसपास के ग्रामीण और बैंककर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यदि आग कुछ देर और बेकाबू रहती, तो नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता था। हालांकि घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल जरूर बना रहा। बताया जा रहा है कि अगलगी के कारण शाखा के तकनीकी संसाधन प्रभावित हो गए। कंप्यूटर सिस्टम और नेटवर्किंग उपकरण जल जाने से शुक्रवार को लेन-देन पूरी तरह बंद रहा। इससे ग्राहकों को परेशानी की आशंका थी, लेकिन बैंक प्रबंधन ने स्थिति को संभालने के लिए त्वरित कदम उठाए। आसपास की संबंधित शाखाओं से समन्वय स्थापित कर ग्राहकों के लिए वैकल्पिक बैंकिंग व्यवस्था की गई। सोवां शाखा से दो बैंक कर्मियों को नजदीकी शाखा में प्रतिनियुक्त किया गया, ताकि खातेधारकों के जमा-निकासी समेत अन्य जरूरी कार्य बाधित न हों। इस व्यवस्था से ग्राहकों को काफी राहत मिली और आवश्यक लेन-देन सुचारु रूप से संपन्न हो सका। शाखा प्रबंधक तरुण कुमार ने बताया कि आग की वजह से शुक्रवार को नियमित कार्य संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त कंप्यूटरों के स्थान पर नए सिस्टम लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही शाखा की तकनीकी संरचना और सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने भरोसा जताया कि शनिवार से शाखा में सामान्य बैंकिंग सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। इधर, घटना को लेकर शाखा प्रबंधक ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया गया है। एफआईआर में फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जलने की जानकारी दी गई है। बैंक प्रबंधन द्वारा कुल क्षति का आंकलन किया जा रहा है। आग की इस घटना ने बैंकिंग सुरक्षा और तकनीकी रखरखाव को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल प्रशासनिक और बैंकिंग स्तर पर जांच जारी है, जबकि ग्राहक जल्द से जल्द पूरी तरह सामान्य सेवाएं शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

# दिव्यांगों के बीच डुमरांव बुनियाद केन्द्र में बांटे गए 30 बैट्री चालित ट्राई साइकिल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दिव्यांग जनों को सशक्त बनाने को लेकर राज्य सरकार हमेशा प्रयास रहती है। इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने और व्यसाय करने को लेकर उन्हें हर तरह से मदद कर रही है। इसी के तहत उन्हें शुक्रवार को प्रखंड परिसर स्थित बुनियाद केन्द्र में बैट्री चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। वितरण करने के लिये जिला सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक अनिता कुमारी मौजूद रही। सभी दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देने के बाद उन्हें हरी झंडी दिखाकर बिदा किया। उन्होंने केशो टाइम्स से बात करते हुए बताया की सभी दिव्यांगों को सुरक्षित रखने के लिये हेलमेट भी दिया गया है। इन्हें हवा भराने में परेशानी नहीं हो, इसलिये हवा भरने के लिये पम्प भी प्रदान किया गया। बैट्री डाउन होने के बाद उन्हें भटकना नहीं पड़े इसको लेकर बैट्री चार्जर मशीन भी दिया गया। फिर खड़ा होने के लिये स्टीक भी दिये गए। इतने समान पाकर दिव्यांगों में काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने बताया की पहले यह ट्राई साइकिल 10 साल बाद देने का प्रावधान था, जिसे सरकार ने घटाकर 5 वर्ष कर दिया है। साथ ही ट्राई साइकिल में बैट्री रखने का बॉक्स है, उसका बनावट ऐसा है कि उस पर बिक्री करने का समान रखकर बेचने के लिये व्यवसाय भी किया जा सकता है। पांच वर्ष के बाद भी ट्राई साइकिल मिलने की जानकारी होने के बाद उनमें काफी खुशी थी। उन्होंने बताया की 30 दिव्यांगों के बीच ट्राइ साइकिल के साथ अन्य समानों का वितरण किया गया।

# सामाजिक विज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, एक भी परीक्षार्थी निष्कासित नहीं

**केटी न्यूज/बक्सर**




वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 के तहत सोमवार को आयोजित सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा जिले के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आधिकारिक सूचना के अनुसार प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान विषय के लिए कुल 13,137 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 12,998 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 139 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया।

इसी प्रकार द्वितीय पाली में सामाजिक विज्ञान विषय के लिए कुल 11,974 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 11,822 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 152 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में भी कदाचार के किसी मामले की पुष्टि नहीं हुई तथा निष्कासन की संख्या शून्य रही। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला नियंत्रण कक्ष लगातार सक्रिय रहा और सभी केंद्रों से पल-पल की जानकारी प्राप्त करता रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या बाधा की सूचना नहीं मिली। परीक्षार्थियों ने भी शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी।

जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी परीक्षाओं को लेकर भी इसी प्रकार की सख्ती एवं सतर्कता बरती जाएगी, ताकि परीक्षा की गरिमा अक्षुण्ण रहे। प्रशासन ने अभिभावकों एवं आमजन से भी सहयोग बनाए रखने की अपील की है, जिससे शेष परीक्षाएं भी सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकें।

# उपेक्षित बस्तियों में शिक्षा की अलख, ढाई सौ से अधिक केंद्रों से जुड़ रहे बच्चे

**केटी न्यूज/बक्सर**



शिक्षा से वंचित बच्चों तक ज्ञान की रोशनी पहुंचाने के उद्देश्य से विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में संचालित सरस्वती संस्कार केंद्र दक्षिण बिहार के विभिन्न शहरी और ग्रामीण इलाकों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं उपेक्षित वर्ग के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ संस्कार आधारित मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

भारती शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने बताया कि दक्षिण बिहार में ढाई सौ से अधिक स्थानों पर ये केंद्र नियमित रूप से संचालित हो रहे हैं। उनका उद्देश्य ऐसे बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश औपचारिक विद्यालयी शिक्षा से दूर रह जाते हैं।

संस्कार केंद्रों में पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, देशभक्ति, स्वच्छता, अनुशासन, योगाभ्यास, प्रार्थना और संस्कार गीतों के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां शिक्षण पद्धति को सरल और रोचक बनाया गया है, ताकि बच्चे सहज वातावरण में सीख सकें। सेवा भाव से जुड़े प्रशिक्षित शिक्षक निस्वार्थ भाव से बच्चों को मार्गदर्शन दे रहे हैं।

प्रदेश सचिव ने कहा कि संस्था का लक्ष्य केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि सुसंस्कृत, चरित्रवान और राष्ट्रहित के प्रति जागरूक नागरिक तैयार करना भी है। उन्होंने बताया कि स्थानीय समाज और अभिभावकों का सहयोग मिलने से इन केंद्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों को इन केंद्रों से जोड़ा जाए, ताकि शिक्षा के साथ संस्कारों से समृद्ध एक सशक्त पीढ़ी का निर्माण हो सके।

## एक नजर

### डुमरांव में नशे की जड़ पर वार: महिला सप्लायर सहित गिरोह का पदार्फाश

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को उस वक्त बड़ी सफलता मिली, जब कोरानसराय थाना क्षेत्र से शुरू हुई कार्रवाई ने शहर तक फैले हेरोइन नेटवर्क की परतें खोल दीं। पुलिस ने पहले मठिला गांव निवासी जयप्रकाश को गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर बक्सर नगर थाना क्षेत्र के शांति नगर मोहल्ले से सोना देवी (पति स्व. बुचुल यादव) को भी दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 0.31 ग्राम हेरोइन जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ। मामला सिर्फ दो पुड़िया हेरोइन की बरामदगी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण और शहरी इलाकों में सक्रिय एक छोटे लेकिन संगठित सप्लाई चैन की ओर इशारा करता है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम गठित की गई थी। पहले चरण में मठिला गांव में छापेमारी कर जयप्रकाश को पकड़ा गया। पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने तेजी दिखाते हुए शांति नगर में दबिश दी और महिला सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई के स्रोतों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। यह भी जांच की जा रही है कि गिरोह युवाओं को टारगेट कर छोटे-छोटे पैकेटों में नशा खपाने की रणनीति तो नहीं अपना रहा था। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने साफ किया है कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर ह्लजीरो टॉलरेंसह्व नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी। आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य चेहरों का भी खुलासा हो सकता है।

### चौसा में जदयू संगठन को मिली नई मजबूती, सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारी

**चौसा।** चौसा में जनता दल (यूनाइटेड) के संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रखंड एवं नगर पंचायत स्तर पर नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। पार्टी के निर्देशानुसार यादव मोड़ स्थित माता इंद्राणी परिसर में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। बैठक के दौरान संगठन की एकजुटता का परिचय देते हुए सुरेश चौहान को लगातार सातवीं बार प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए रामबाबू प्रसाद का निर्विरोध चयन किया गया। दोनों पदाधिकारियों के नाम की घोषणा होते ही उपस्थित कार्यकताओं ने तालियों के साथ स्वागत किया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। चुनाव प्रक्रिया की देखरेख निर्वाचन पदाधिकारी मो. मुस्तफा एवं वशिष्ठ राजभर ने की, जबकि जिला पर्यवेक्षक के रूप में विनोद कुमार ठाकुर और राजेश कुमार मौजूद रहे। पर्यवेक्षकों ने बताया कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई, जो पार्टी की आंतरिक मजबूती को दशार्ता है। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष सुरेश चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकताओं के विश्वास पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और संगठन को और सक्रिय बनाने की प्रतिबद्धता जताई। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू प्रसाद ने कहा कि पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे। बैठक में मनोज कुमार राय, रितेश चन्द्रवंशी, चंदा चौरसिया, जितेंद्र चौरसिया, अरुण यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आईसीयू और मदर न्यू बॉर्न यूनिट चालू कराने को आमरण अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता

**डुमरांव।** शहीद स्मारक पार्क डुमरांव में शुक्रवार से सामाजिक कार्यकर्ता सह आरटीआई कार्यकर्ता हरे कृष्णा सिंह उर्फ कृष्णा यादव तथा रंगनाथ यादव आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। उनका मुख्य आरोप है कि लोकहित और आमजन की स्वास्थ्य सुविधा से जुड़ी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं वर्षों से तैयार होने के बावजूद बंद पड़ी हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनशनकारी ने मांग की है कि सदर अस्पताल बक्सर में वर्षों पूर्व निर्मित 10 बेड का आईसीयू अविलंब चालू कराया जाए। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी 2025 को बक्सर आगमन से पहले मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान 14 फरवरी 2025 से आईसीयू संचालन का आदेश जारी किया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री के लौटने के बाद प्रशासन ने मानव बल और उपकरणों की कमी बताकर इसे बंद कर दिया। बाद में 23 जुलाई 2025 को स्वास्थ्य मंत्री ने आईसीयू को क्रियाशील बताया, जबकि एक भी जरूरतमंद मरीज को अब तक इसका लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डॉ. अजीत कुमार सिंह, विशेषज्ञ चिकित्सक (मूर्छक), जिन्हें आईसीयू संचालन के लिए योगदान किया गया था, अस्पताल में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते। उनकी अनुपस्थिति और संभावित लापरवाही की जांच की मांग भी की गई है।






# श्रम अधिकार दिवस पर गूंजा जागरूकता का संदेश, 136 पंचायतों के श्रमिक बने बदलाव के दूत

- जिलाधिकारी साहिला व अपर समाहर्त्ता अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ, श्रमिक कल्याण योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में श्रम अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम जागरूकता और सहभागिता का सशक्त मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी साहिला एवं अपर समाहर्त्ता अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण योजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा हुई तथा उन्हें योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक बक्सर, प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर, सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि सहित जिले की 136 पंचायतों से आए एक-एक श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह उपस्थिति इस बात का संकेत थी कि प्रशासन और श्रमिकों के बीच संवाद की एक नई पहल शुरू हो चुकी है।जिलाधिकारी साहिला ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं तथा अपने आसपास के मजदूरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।अपर समाहर्त्ता अरुण कुमार सिंह ने कहा कि श्रमिकों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य न सिर्फ श्रमिकों को आर्थिक सहायता देना है, बल्कि उनके परिवारों को भी सुरक्षा कवच प्रदान करना है।कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार पंजीकरण कर श्रमिक विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। प्रवासी श्रमिकों के लिए उपलब्ध सहायता, दुर्घटना बीमा, मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता जैसी योजनाओं पर विशेष प्रकाश डाला गया।इस आयोजन की खास बात यह रही कि जिले की सभी 136 पंचायतों से आए श्रमिक प्रतिनिधियों को जागरूकता दूत की भूमिका सौंपी गई। वे अपने-अपने पंचायतों में जाकर अन्य मजदूरों के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इन सुविधाओं से जुड़ सकें। मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से श्रमिकों में विश्वास बढ़ता है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवाद और सहयोग की परंपरा जारी रहेगी। श्रम अधिकार दिवस का यह आयोजन न केवल एक औपचारिक कार्यक्रम रहा, बल्कि यह श्रमिकों के अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता और जागरूकता का सशक्त संदेश बनकर सामने आया। प्रशासन और श्रमिकों की साझा पहल से जिले में श्रम कल्याण योजनाओं की पहुंच और प्रभाव दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## नया भोजपुर सब्जी मंडी के समीप पटना-बक्सर फोरलेन सड़क की है घटना, चार दिन बाद भी खाली हाथ है पुलिस

# महिला को दिनदहाड़े नशीला पदार्थ सुंघा आभूषण व नगदी ले उड़े उचक्के



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र में उचक्कों ने एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके सोने के आभूषण व नगदी छिन लिए है। घटना 16 फरवरी को सुबह के 10.30 बजे पटना-बक्सर फोरलेन सड़क पर सब्जी मंडी के पास घटित हुई है। इसकी जानकारी मिलते ही उस दिन स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची थी तथा पीड़िता से घटना के संबंध में पूछताछ कर जल्दी ही इस मामले के उद्भेदन का आश्वासन भी दिया था, बावजूद घटना के चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है। जबकि महिला के पुत्र ने घटना के दिन ही लिखित आवेदन दे पुलिस से उचक्कों को पकड़ने की गुहार लगाई थी।

लेकिन, उचक्कों की शिनाख्त व धर पकड़ तो दूर पुलिस उस महिला से दुबारा पूछताछ करने भी नहीं आई। दिलचस्प यह है कि उचक्कों ने अखबार के पन्ने को कपड़े में लपेट तथा उसमें नशीला पदार्थ मिला उसे महिला को सुंघा इस घटना को अंजाम दिया था, पुलिस ने उसे जब्त करना भी मुनासिब नहीं समझा। वह आज भी पीड़िता के घर पड़ा है।

मिली जानकारी के अनुसार नया भोजपुर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर गली नंबर दो की निवासी चंद्रावती देवी पति रमाशंकर पांडेय 16 फरवरी (सोमवार) को बाजार से जरूरी सामान खरीदने नया भोजपुर गई थी। नया भोजपुर चौक के आस पास की दुकानों से सामान की खरीददारी कर वह वापस सब्जी मंडी के रास्ते पैदल ही अपने घर लौट रही थी। जैसे ही वह फोरलेन के दक्षिणी छोर वाले सर्विस लेन के पास पहुंची कि एक बाइक पर सवार तीन उचक्के वहां आ धमके तथा महिला को नशीला पदार्थ सुंघा दिए, जिससे महिला पलक झपकते ही हिप्नोटाइज हो गई। इस दौरान उचक्कों ने चंद्रावती के कान की बाली तथा मंगलसूत्र व जीउतिया खोलवाने के साथ ही पर्स में रखा नगद दो हजार रूपए भी छिन तेजी से पूरब दिशा की तरफ भाग निकले।

इस घटना के बाद महिला वही बेसुध हो गई थी तथा करीब एक घंटे बाद चेतना आने पर वह जैसे-तैसे अपने घर पहुंची तथा अपने पति और बच्चों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी।

उनके पुत्र रवि रंजन पांडेय उर्फ पिंटू पांडेय ने उसी दिन नया भोजपुर पुलिस को लिखित आवेदन दिया था, लेकिन पीड़ित परिवार का कहना है कि अभी तक इस मामले में पुलिस कुछ कार्रवाई नहीं कर सकी है।

### पूर्व में भी हो चुकी है ऐसी घटनाएं

बता दें कि राह चलते महिला को नशीला पदार्थ सुंघा उसे हिप्नोटाइज कर आभूषण व नगदी लूटने की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि इसके पहले भी नया भोजपुर व कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र में ऐसी घटनाएं घटित हो चुकी है। बावजूद पुलिस इस गिरोह का अभी तक पता नहीं लगा सकी है। वहीं, नया भोजपुर में घटना की पुनरावृति के बावजूद पुलिस ने अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है।

### बोले थानाध्यक्ष मामले की ली जा रही है जानकारी

इस संबंध में जब नया भोजपुर थानाध्यक्ष से संपर्क स्थापित किया गया तो उन्होंने कहा कि वे छुट्टी पर चले गए थे। मामले की जानकारी ले रहे है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस मामले में एफआइआर भी दर्ज हुआ है या नहीं। बहरहाल पुलिस की सुस्ती से क्षेत्र में उचक्कों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

## इंस्टाग्राम ऑर्डर के नाम पर पेमेंट ट्रैप: डुमरांव की महिला से 75 हजार उड़ाए साइबर ठग

**डुमरांव।** ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन के बीच साइबर ठग अब नए-नए हथकंडों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला डुमरांव के शहीद गेट स्थित गुप्ता मार्केट का है, जहां एक महिला से इंस्टाग्राम पर कपड़ा मंगाने के दौरान 75 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता डिम्पी गुप्ता ने डुमरांव थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, 15 फरवरी को महिला ने इंस्टाग्राम के जरिए एक ड्रेस ऑर्डर किया था। डिलीवरी से पहले ही एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और उसने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि ऑर्डर ह्लपेंडिंगह्व है। उसे जारी करने के लिए 75 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से तत्काल भुगतान करने को कहा गया। बातचीत में झांसे में आई महिला ने बताए गए यूपीआई आईडी पर राशि ट्रांसफर कर दी।रकम भेजने के कुछ ही देर बाद जब महिला ने दोबारा संपर्क करना चाहा तो संबंधित मोबाइल नंबर स्विच ऑफ मिला। तब जाकर ठगी का एहसास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। पीड़िता ने तुरंत बैंक शाखा और साइबर हेल्पलाइन को सूचित किया, ताकि ट्रांजेक्शन को रोका जा सके।डुमरांव थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल के सहयोग से यूपीआई ट्रांजेक्शन और कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी अनजान कॉल पर ओटीपी या पैसे साझा न करें और ऑनलाइन खरीदारी केवल सत्यापित प्लेटफॉर्म से ही करें।यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि डिजिटल सुविधा के साथ सतर्कता भी बेहद जरूरी है ।

## अंधविश्वास के कारण फाइलेरिया रोधी दवा से किया इनकार, समझाने पर माने अनुसूचित जाति बस्ती के लोग



**केसठ।** विकसित युग में भी समाज के कुछ वर्ग अब भी अंधविश्वास और पुरानी मान्यताओं के कारण स्वास्थ्य सेवाओं से दूरी बनाए हुए हैं। ऐसा ही मामला केसठ प्रखंड की एक स्थानीय अनुसूचित जाति बस्ती में देखने को मिला, जहां फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर 10 फरवरी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा डोर-टू-डोर अभियान चलाकर तथा चिन्हित स्थलों पर शिविर लगाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। इसका उद्देश्य प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाना है।जानकारी के अनुसार जब स्वास्थ्यकर्मी महादलित बस्ती में दवा खिलाने पहुंचे तो कई लोगों ने देवी-देवता एवं भूत-प्रेत संबंधी मान्यताओं के चलते दवा खाने से इनकार कर दिया। लोग तरह-तरह की शंकाएं व्यक्त करने लगे और दवा लेने में आनाकानी करने लगे।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार स्वयं टीम के साथ बस्ती पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को फाइलेरिया बीमारी के दुष्प्रभावों और दवा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। काफी समझाने-बुझाने और जागरूकता फैलाने के बाद लोगों का भय दूर हुआ और उन्होंने दवा लेना शुरू किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व टीम के अन्य सदस्यों ने स्वयं अपने हाथों से कई लोगों को दवा खिलाई। डॉ. विनय कुमार ने बताया कि शुरू में लोग दवा लेने से मना कर रहे थे, लेकिन टीम के प्रयास से उन्हें जागरूक कर दवा खिलाई गई। अभियान में केटीएस उपेंद्र पांडे, डाटा ऑपरेटर अभिषेक कुमार, आशा कार्यकर्ता कुसुम लता, शारधा कुमारी, विक्की कुमार एवं पप्पू कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग करें।

## टोल प्लाजा पर जाम के बाद पुलिस सख्त, 22 ट्रेलर चालकों पर कार्रवाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

चंदा गांव स्थित टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार की सुबह लगे भीषण जाम के बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए नियम तोड़ने वाले ट्रेलर चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। एक लेन में दोहरी लाइन बनाकर ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे 22 ट्रक व ट्रेलर चालकों से कुल 1 लाख 16 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया।जानकारी के अनुसार, भारी वाहनों को एक ही लेन में सिंगल लाइन बनाकर चलने का निर्देश दिया गया है, ताकि छोटे वाहनों का आवागमन प्रभावित न हो। बावजूद इसके कई चालक जल्दबाजी में दूसरी लाइन बनाकर आगे निकलने का प्रयास करते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हो जाती है। शुक्रवार को भी गोलंबर के पास ट्रकों की डबल लाइन लगने से लंबी कतार बन गई और घंटों तक वाहन रेंगते रहे।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नया भोजपुर थाना पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभाला। थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच की गई। इस दौरान 22 ट्रेलर चालकों पर कार्रवाई करते हुए उनसे अर्थदंड वसूला गया और भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोन नदी क्षेत्र से बालू लादकर आने वाले भारी वाहन इसी फोरलेन मार्ग से उत्तर प्रदेश की ओर जाते हैं। सीमा पर कागजात व परमिट जांच के कारण पिछले कुछ समय से इस मार्ग पर जाम की समस्या बनी हुई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी और सख्ती जारी रहेगी। वाहन चालकों से निर्धारित लेन में चलने और ओवरटेक से बचने की अपील की गई है।

## सर्वसम्मति से फुटूचंद कुशवाहा बने जदयू प्रखंड अध्यक्ष, संगठन को मजबूत करने का संकल्प



**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के किसान भवन परिसर में शुक्रवार को जनता दल (यूनाइटेड) की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को रेखांकित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए नियमित और पारदर्शी चुनाव आवश्यक हैं। निर्धारित समय पर अध्यक्ष पद के लिए फुटूचंद सिंह कुशवाहा ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। नामांकन की अवधि समाप्त होने तक उनके विरुद्ध किसी अन्य प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया। इसके बाद उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की सहमति से उन्हें निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। घोषणा होते ही परिसर में कार्यकताओं ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और नारेबाजी के साथ उत्साह प्रकट किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकताओं के सम्मान और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। प्रखंड प्रवेक्षक सह जिला महासचिव जितेन्द्र कुमार सिंह तथा प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी जयप्रकाश सिंह की देखरेख में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। उपस्थित नेताओं ने कहा कि सर्वसम्मति से हुआ यह निर्वाचन कार्यकताओं की एकजुटता का प्रमाण है और इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में संगठन और अधिक सक्रिय होकर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा।

# 2.47 करोड़ की लागत वाला पंचायत भवन बना दरारों का घर, ग्रामीणों ने ठप कराया निर्माण कार्य

- दीवारों से झड़ रहा प्लास्टर, छज्जों से टूट रहा सीमेंट जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग तेज



**केटी न्यूज/चौसा**

प्रखंड के सिकरौल पंचायत में बन रहा पंचायत सरकार भवन निर्माण पूरा होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। करीब 2 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भारी-भरकम बजट के बावजूद भवन में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसका असर अब साफ तौर पर दिखने लगा है।

ग्रामीणों के अनुसार भवन के कई हिस्सों में प्लास्टर झड़ने लगा है, जबकि छज्जों के किनारों से सीमेंट टूटकर गिर रहा है। हैरानी की बात यह है कि एक ओर दीवारों में दरारें नजर आ रही हैं, तो दूसरी ओर रंगाई-पुताई कर काम को अंतिम रूप देने की कोशिश की जा रही है। इसे लेकर लोगों में भारी नाराजगी है।

पूर्व मुखिया संजय राय ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की खुली अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब भवन अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुआ है और इस हालत में है, तो आने वाले वर्षों में इसकी स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया विनोद नट और बीडीसी सदस्यों ने भी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। जनप्रतिनिधियों का दावा है कि मजदूरों से बातचीत में यह बात सामने आई कि दस बोरी बालू में केवल एक बोरी सीमेंट मिलाने का निर्देश दिया गया है, जो निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं है। यदि यही स्थिति रही तो भवन कुछ ही वर्षों में जर्जर हो सकता है, जिससे सरकारी धन की बबार्दी तय है।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने तथा दोषी एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि जब तक जांच नहीं होती और गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं होने दिया जाएगा। संबंधित विभाग को मामले की सूचना दे दी गई है और अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

## ऋण वितरण शिविर के बाद तेज हुई कार्रवाई, 10 लाभुकों को स्वीकृति, 8 को भुगतान



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में छह फरवरी को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित ऋण वितरण कैम्प के बाद उद्योग विभाग की ओर से कार्रवाई तेज कर दी गई है। कैम्प में दिये गये निदेर्शों के आलोक में विभागीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न बैंकों में जाकर लंबित मामलों की समीक्षा की जा रही है तथा शाखा प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित कर लाभुकों को शीघ्र ऋण स्वीकृति दिलाने की पहल की जा रही है। जिला उद्योग केन्द्र, बक्सर के कार्यालय में भी शाखा प्रबंधकों द्वारा स्वयं उपस्थित होकर उद्यमियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। इससे योजनाओं से जुड़े आवेदनों के निष्पादन में तेजी आई है। उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभुकों को ऋण स्वीकृति एवं भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति लाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिनांक 13 फरवरी के उपरांत अब तक कुल 10 लाभुकों के ऋण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जबकि 8 लाभुकों के खाते में ऋण राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। शेष मामलों में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर शीघ्र भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर उद्योग-धंधों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान जारी रहेगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित कराया जाए, ताकि जिले में उद्यमिता को नई गति मिल सके।

# धावां : भक्तों के जयघोष साथ मां काली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की निकली शोभायात्रा

- **काशी घाट से कांवरियों संग सैकड़ों भक्तों ने की कलश जलभरी**

**केटी न्यूज/रोहतास**

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के जमोढी पंचायत के धावां गांव से मां काली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली शतचंडी महायज्ञ की भव्य शोभायात्रा। शोभायात्रा का शुभारंभ धावां गांव से होकर शहर से होते हुए कांशी घाट जलभरी के लिए कांवरियों और भक्तों के जत्थों के साथ नाच,गाजे-बाजे,घोड़े व भगवान स्वरूप बच्चों की कलाकृति और साधु-संतों से सजी रथ के साथ





भक्तिमय जयघोष के साथ पहुंचा। जिसमें शामिल महिला,पुरुष,बच्चें सहित बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने शतचंडी महायज्ञ के लिए गंगाजल स्वरूप कांशी घाट नदी से कलश में जल भरा। दूसरी तरफ बिक्रमगंज शहर के तेंदुनी चौक पर भव्य शोभायात्रा यात्रा के पहुंचते ही पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब नजर आया। जिसे लेकर तेंदुनी चौक पर ट्रैफिक पुलिस और थाना पुलिस ने शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे थे। ज्ञात हो कि मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ धावां गांव स्थित ग्रीन पार्क यज्ञशाला में 20 से 28 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों के प्रारूप में आयोजित होगी। जो आयोजित महायज्ञ काशी यूपी पीठाधीश्वर श्रीवीमाद मठ के श्री श्री श्री मज्जमद् गुरू सम्पत कुमाराचार्य जी महाराज का सानिध्य में शुक्रवार के पहले दिन सुबह 10 बजे जल यात्रा एवं मंडप प्रवेशन 21फरवरी सुबह 8 बजे से पुजन व हवन,दोपहर 1 बजे से आजमगढ़ के अवध धाम की साध्वी शैलप्रिया पांडे द्वारा प्रवचन रसपान भक्त संध्या 6 बजे तक करेंगे। साथ ही रात्रि 8 बजे से भव्य रामलीला का आयोजन 27 फरवरी तक आयोजित होगी। जिस महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा का पूणार्हुती 28 फरवरी को भव्य प्रसाद भंडारे के साथ संपन्न होगी। दूसरी तरफ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए भक्त वरीय जदयू नेत्री अरुणा देवी, अंजबित कॉलेज कर्मी संघ अध्यक्ष अरुण सिंह,राहुल सिंह,विशाल सिंह,जिला पार्षद प्रभाष सिंह,मनोज सिंह,संतोष सिंह पहलवान सहित सैकड़ों भक्तों ने कहा कि भक्तिमय मां काली प्राण प्रतिष्ठा के महायज्ञ से पूरे गांव वासियों को सुख-शांति के साथ समृद्धि की प्राप्ति होगी।

# एनएच-922 पर दुस्साहसिक वारदात : कृष्णाब्रह्म में खलासी को बंधक बनाकर परचून लदा ट्रक लूटा

- **आंख पर पट्टी बांध गंगा तट के पास फेंका, कट्टे की बट से किया हमला, पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर दर्ज**

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र में अपराधियों ने गुरूवार की रात दुस्साहस का परिचय देते हुए परचून सामान से लदे एक ट्रक को लूट लिया। वारदात एनएच-922 पर छोटका ढकाइच गांव के समीप हुई, जहां ट्रक के खलासी को बंधक बनाकर अपराधियों ने पहले उसकी पिटाई की और फिर उसे बक्सर गंगा तट के पास छोड़कर ट्रक लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक दिल्ली-गाजियाबाद से परचून का सामान लेकर पटना और बिहियां की ओर जा रहा था। रास्ते में चालक ने




कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छोटका ढकाइच गांव के पास ट्रक खड़ा कर दिया। बताया जाता है कि चालक ट्रक खड़ा कर अपने गांव सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर चला गया, जबकि खलासी ट्रक में ही सो रहा था। आधी रात के बाद एक स्कॉर्पियो गाड़ी वहां पहुंची। उसमें सवार बदमाशों ने ट्रक में सो रहे खलासी को जबरन नीचे उतार लिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। अपराधियों ने उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी और दोनों हाथ पीछे की ओर बांधकर उसे स्कॉर्पियो में बैठा लिया। इसके बाद वे उसे औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के समीप गंगा तट की ओर ले गए।

खलासी मनजीत कुमार गोड़ ने बताया कि बदमाशों ने कट्टे की बट से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसे सिर और आंख में चोट लगी। गंगा किनारे सुनसान स्थान पर उसे छोड़कर अपराधी ट्रक लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब बदमाश वहां से हट गए तो खलासी ने पास में आई एक बारात में मौजूद लोगों से मदद मांगी। बारातियों ने उसके बंधे हाथ खोले। इसके बाद उसने किसी के मोबाइल से चालक को घटना की सूचना दी। चालक ने तत्काल ट्रक मालिक को जानकारी दी।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना में हड़कंप मच गया। खलासी के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ट्रक और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों को ट्रक के रुकने और चालक के वहां से जाने की पहले से जानकारी थी।

बताया जाता है कि चालक और खलासी आपस में सगे भाई हैं। फिलहाल घायल खलासी का इलाज कराया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की बात कह रही है।

कृष्णाब्रह्म के प्रभारी थानाध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और हर बिंदु पर जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया गया है।

एनएच-922 पर इस तरह की घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और रात्रि गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# ट्रेन में मां से बिछड़ा 10 वर्षीय कौशल पहुंचा डुमरांव, डायल 112 बना सहारा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कभी-कभी कुछ पल की अनजानी घबराहट जिंदगी की दिशा बदल देती है। ऐसा ही हुआ 10 वर्षीय मासूम कौशल कुमार के साथ, जो अपनी मां से बिछड़कर ट्रेन के रास्ते भटकते हुए डुमरांव पहुंच गया। पिछले कई दिनों से वह नगर में अकेले इधर-उधर भटक रहा था, लेकिन शुक्रवार को उसकी किस्मत ने करवट ली, जब डुमरांव थाने की डायल 112 टीम की नजर उस पर पड़ी। नगर के डुमरेजनी मंदिर के समीप गश्ती के दौरान टीम ने बच्चे को संदिग्ध हालात में देखा। डायल 112 के प्रभारी छविलाल मंडल ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए उसे अपने साथ लिया। शुरूआत में सहमा और डरा हुआ कौशल, प्यार और भरोसा मिलने पर धीरे-धीरे खुलने लगा। नाश्ता-पानी कराने और समझाने के बाद उसने अपनी



आपबीती सुनाई। कौशल ने बताया कि वह अपनी मां कोमल देवी के साथ 11 फरवरी को आरा घूमने आया था। आरा रेलवे स्टेशन पर उसकी मां उसे बैठाकर टिकट लेने गईं। इंतजार लंबा हुआ तो मासूम को लगा कि उसकी मां किसी ट्रेन से पटना चली गई हैं। घबराहट में वह भी एक ट्रेन पर चढ़ गया, लेकिन वह ट्रेन पटना नहीं बल्कि बक्सर की ओर जा रही थी। डुमरांव स्टेशन पर उतरने के बाद से वह यहीं भटकता रहा। प्रारंभिक पूछताछ में उसने अपना पैतृक गांव जमुई जिले के मंजवे गांव बताया है। साथ ही ननिहाल लखीसराय जिले के तेतरहार थाना क्षेत्र में होने की जानकारी दी। उसने अपने मामा पप्पू पंडित, रिंकू पंडित, गोरे पंडित, मंटू पंडित, मिंटू कुमार और नाना महेंद्र पंडित का नाम बताया है। हालांकि वह अपने पिता का नाम स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। प्रभारी छविलाल मंडल ने बताया कि जमुई और लखीसराय के स्थानीय थानों से संपर्क किया गया है और बच्चे की तस्वीर भी भेजी गई है। जब तक परिजन नहीं मिल जाते, तब तक बच्चे को सुरक्षित रखा जाएगा। डायल 112 टीम की इस संवेदनशील पहल की चर्चा पूरे डुमरांव में हो रही है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि पुलिस के प्रयास कब रंग लाते हैं और यह मासूम कब अपनी बिछड़ी मां की गोद में लौट पाता है।

# पहले जुम्मे की रौनक : रमजान की रहमत में डूबा रहा बक्सर

**केटी न्यूज/बक्सर**

पवित्र रमजान माह के पहले जुम्मे पर चौसा नगर से लेकर बक्सर तथा डुमरांव अनुमंडल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में आस्था और इबादत का अनोखा नजारा देखने को मिला। सुबह से ही मस्जिदों की ओर बढ़ते कदम इस बात की गवाही दे रहे थे कि रमजान का पहला जुम्मा मुस्लिम समुदाय के लिए कितनी अहमियत रखता है। दोपहर तक मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। साफ-सुथरे लिबास में बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान मस्जिदों की ओर जाते दिखे। जिला मुख्यालय स्थित कचहरी मस्जिद, बड़ी मस्जिद और जुल्फजल मस्जिद समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की तमाम मस्जिदों में विशेष रौनक रही। नमाज से पहले मस्जिदों में रमजान की फजीलत पर तकरीरें हुईं, जिसमें इमामों ने रोजे की अहमियत और इसकी आध्यात्मिक ताकत पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कचहरी मस्जिद के इमाम मुफ़्ती मो. असगर रजा मिस्बाही ने अपने बयान में कहा कि रमजान का रोजा हर बालिग मर्द और औरत पर फर्ज है। हालांकि कुछ विशेष परिस्थितियों में छूट दी गई है,




लेकिन जो लोग किसी कारणवश रोजा नहीं रख पाते, उन्हें रोजेदारों का एहतराम जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना रहमत और बरकत का महीना है, जिसमें की गई हर नेक इबादत का सवाब कई गुना बढ़ाकर मिलता है। इमामों ने यह भी बताया कि रमजान तीन अशरों में बंटा होता हैकृपहले दस दिन रहमत के, दूसरे दस दिन मगफिरत यानी गुनाहों की माफी के और आखिरी दस दिन जहन्नुम से आजादी के माने जाते हैं। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा इबादत, दान-पुण्य और नेक काम करने की नसीहत दी गई। नमाज के बाद अकीदतमंदों ने देश-दुनिया में अमन-चौन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। चौसा प्रखंड के सिकरौल, सरेंजा, बूढ़ाडीह, पिठारी, बनारपुर, डिहरी और खरगपुरा समेत विभिन्न गांवों की मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने जुम्मे की नमाज अदा की। पहले जुम्मे ने पूरे इलाके को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। मस्जिदों से उठती दुआओं और तकरीरों की गूंज ने यह संदेश दिया कि रमजान सिर्फ इबादत का नहीं, बल्कि आत्मसंयम, भाईचारे और इंसानियत को मजबूत करने का महीना है।

# 15वीं व षष्ठम वित्त की राशि सड़कों-नालियों तक सीमित, पंचायत विकास पर उठे सवाल

**पीके बादल/केसठ**

प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिनिधि अपने कार्यकाल में विकास कार्यों को केवल सड़क निर्माण, मरम्मती और नाली निर्माण तक ही सीमित रखे हुए हैं। 15वीं एवं षष्ठम वित्त आयोग की राशि का अधिकांश हिस्सा इन्हीं मदों में खर्च किया जा रहा है, जबकि पंचायतों के समग्र विकास के लिए अन्य कई योजनाएं उपलब्ध हैं। लोगों का कहना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पुस्तकालय, सामुदायिक भवन, जल संरक्षण,जिम,पार्क और सार्वजनिक उपयोग की अन्य स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दर्जनों योजनाओं की स्वीकृति के बावजूद

सोनू तिवारी का कहना है कि हर साल वित्त आयोग की राशि आती है, लेकिन पंचायत में कोई नई सोच या स्थायी विकास कार्य दिखाई नहीं देता। सिर्फ सड़क और नाली बनाकर विकास का दावा किया जाता है।



सोनू तिवारी



सुमेश्वर यादव

समाजसेवी सुमेश्वर यादव कहा कहना है कि गांव में पुस्तकालय,जिम, पार्क आदि की जरूरत है, लेकिन इन पर कोई पहल नहीं हो रही। प्रतिनिधि आसान और पारंपरिक योजनाओं में ही राशि खर्च कर रहे हैं।

पंचायतों में नवाचार या दीर्घकालिक लाभ देने वाली योजनाओं का अभाव है। पंचायतों के विकास की परिकल्पना केवल सड़क और नाली तक सिमट कर रह गई है। कई पंचायतों में एक ही वार्ड या क्षेत्र में बार-बार मरम्मती कार्य कर राशि खर्च की जा रही है, जबकि अन्य बुनियादी जरूरतें अधूरी पड़ी हैं। युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र, महिलाओं के लिए प्रशिक्षण भवन, पुस्तकालय या डिजिटल सुविधा केंद्र जैसे कार्य कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

समाजसेवी रजनीकांत दूबे उर्फ जुगनू दूबे का कहना है कि यदि योजनाओं की सही प्राथमिकता तय की जाए तो पंचायतों का समग्र विकास संभव है।



रजनीकांत दूबे उर्फ जुगनू दूबे

समाजसेवी रजनीश यादव का कहना है कि गांव में युवाओं के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय की जरूरत है लेकिन प्रतिनिधियों के द्वारा इस ओर कोई पहल नहीं किया जा रहा है। युवा केवल वोट देने तक ही रह गए है।



रजनीश यादव

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वित्त आयोग की राशि के उपयोग की समीक्षा कराई जाए और पंचायतों में विविध विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उनका कहना है कि पंचायत स्तर पर जनसुनवाई कर लोगों की वास्तविक जरूरतों के आधार पर योजनाएं बनाई जाएं। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो पंचायतों का विकास एकांगी रह जाएगा और सरकार की मंशा के अनुरूप समावेशी विकास का लक्ष्य अधूरा रह जाएगा।यदि योजनाओं में नवाचार और संतुलन लाया गया तो पंचायतों का विकास वास्तव में आदर्श मॉडल बन सकता है।

वार्ड सदस्य सह समाजसेवी मुकुंदजी प्रसाद का कहना है कि गांव में वाहन पार्किंग और महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की जरूरत है लेकिन केसठ नया बाजार में इसकी सुविधा नहीं है।जिसके कारण वाहन चालकों और बाजार करने आई महिलाओं को दिक्कत होती है।



मुकुंदजी प्रसाद

## एक नजर

### बाजार से बाइक चोरी कर चोर हुए फरार, प्राथमिकी दर्ज

**संझौली।** संझौली थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार स्थित बाबा गोरखनाथ मार्केट समीप खड़ी बाइक चोर लेकर उड़े। बाइक चोरी के बाद पीड़ित ऑनर ने स्थानीय थाने में चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया। पीड़ित व्यक्ति खैरा-भुतहा निवासी गौतम कुमार ने बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब 1 बजे वह बाजार करने अपनी काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस से आए थे। इसी क्रम में वह बाबा गोरखनाथ मार्केट के सामने खड़ी की और सब्जी खरीदने चले गए। कुछ देर बाद जब वे वापस लौटे तो बाइक वहां नहीं थी। आसपास के लोगों से पूछताछ और काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद पीड़ित ने थानाध्यक्ष पूनम कुमारी को आवेदन देकर मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है,पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### शराब और बाइक के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**राजपुर।** राजपुर पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को धर दबोचा । थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजपुर बाजार से नासरीगंज थाना के ग्राम अमियावर निवासी जगदीश साव के पुत्र राजकुमार को 8 पीएम कंपनी का कुल मात्रा 3 लीटर 780 एमएल अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले में प्रयुक्त कारोबारी के पास से एक ग्लैमर बाइक को भी पुलिस ने जब्त किया है ।

### पुलिस पर हमला करने वाले तीन आरोपी को जेल

**राजपुर ।** राजपुर पुलिस ने पुलिस पर हमला करने के मामले में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर निवासी जयराम चौधरी,शेखर चौधरी एवं अमित चौधरी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 146/24 के आलोक में पुलिस पर हमला करने का मामला दर्ज था।

### प्राथमिकी दर्ज के अभियुक्त को जेल

**राजपुर।** पुलिस ने पूर्व कांड के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । राजपुर थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि साकिम व थाना राजपुर निवासी मदन पासी के पुत्र शत्रुघन कुमार एवं बिजेंद्र पासी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 32/26 के आलोक में मामला दर्ज था।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**राजपुर।** राजपुर पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरवलिया निवासी फिदा मियां के पुत्र अटा मियां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था । जिसे गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### सासाराम क्षेत्र में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सासाराम।** सासाराम ग्रिड के 132 केवी मेन बसबार मे शीतकालीन मरम्मति कार्य कराने को लेकर ग्रिड से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर 22 फरवरी को दिन के 11 बजे से 14 बजे तक बंद रहेगी। इस अवधि मे विद्युत शक्ति उपकेंद्र अगरेर,शिवसागर, कोनार,नौगाई, टॉल प्लाजा, दरिगांव, एसपी जैन, तकिया व बेदा से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल सासाराम-ग्रामीण उज्जवल कुमार के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे। मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रखरखाव कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है ताकि निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### जनता दरबार में एसडीएम द्वारा इंसाफ मिलने से फरियादियों में खुशी

**बिक्रमगंज।** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना । अनुमंडल कार्यालय से मिली सूचना के आधार पर अनुमंडल क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित नौ, राशन कार्ड से संबंधित 54 एवं अन्य चार मामले यानी 67 मामलें लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। एसडीएम ने सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता की शिकायतों के निष्पादन में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय। जिसे लेकर किसी भी स्तर पर विभागीय अधिकारी के लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दूसरी तरफ समस्या लेकर पहुंचे फरियादियों ने एसडीएम के सराहनीय कार्य पर खुश व्यक्त की हैं।

### संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक

**बक्सर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा बिहार प्रदेश में संचालित संगठन सृजन अभियान के तहत शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, बक्सर में एक महत्वपूर्ण एवं संगठनात्मक दृष्टि से अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने की।

बैठक में एआईसीसी ऑब्जर्वर राजेश धोडीरामजी राठोड (विधायक, महाराष्ट्र) ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान बूथ स्तर से लेकर पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर तक संगठन को सुदृढ़ करने की व्यापक पहल है। कांग्रेस सदैव देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता की पक्षधर रही है तथा सभी वर्गों को साथ लेकर चलना उसकी मूल विचारधारा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी अनुशासनहीनता को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं करेगी और समर्पित कार्यकताओं को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में माननीय सांसद मनोज राम की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की असली ताकत है। जब कार्यकर्ता सशक्त होंगे, तभी विचारधारा प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचेगी। बैठक में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नियुक्त ऑब्जर्वर मृणाल अनामय एवं रंजीत यादव भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि कांग्रेस केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की विचारधारा है। 38 वर्षों से पार्टी की सेवा में समर्पित रहने का उल्लेख करते हुए उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प दोहराया। बैठक में वरिष्ठ नेता, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश : हाईटेक सीसीटीवी सिस्टम से लैस होंगे बिहार के सभी अंचल कार्यालय

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार के राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता और तकनीकी सुदृढ़ीकरण की दिशा में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अंचल कार्यालयों के लिए हाईटेक सीसीटीवी सिस्टम की अनिवार्यता तय कर दी है। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कैमरों की गुणवत्ता, तकनीकी क्षमता और मॉनिटरिंग व्यवस्था को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। निर्देशों के अनुसार प्रत्येक अंचल कार्यालय में 2 मेगापिक्सल व्द्ध गार्ड कैमरे (बुलेट और डोम) लगाए जाएंगे, जिनमें कलर विजन



और ऑडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा होगी। इससे न केवल गतिविधियों की स्पष्ट वीडियो रिकॉर्डिंग होगी, बल्कि ध्वनि भी सुरक्षित रहेगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत होगी। प्रत्येक कार्यालय में 16 चैनल ठश्फ (नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर) स्थापित किया जाएगा, जिसकी बैंडविड्थ क्षमता 144 एमबीपीएस होगी। इससे एक साथ कई कैमरों की हाई-क्वालिटी रिकॉर्डिंग संभव होगी। इसके साथ 6टीबी सर्विलांस हार्ड डिस्क अनिवार्य की गई है, जिससे कम से कम 30 दिनों का फुटेज सुरक्षित रखा जा सके। सीसीटीवी सिस्टम को बिहार स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (BSWAN) या उपलब्ध हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से पटना स्थित सेंट्रल कमांड सेंटर से सभी अंचल कार्यालयों की निगरानी की जा सकेगी। सभी जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता एवं एसडीओ/डीसीएलआर मोबाइल ऐप के जरिए किसी भी समय लाइव फीड देख सकेंगे। अंचल अधिकारी को भी अपने मोबाइल पर सभी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। बताते चलें कि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने विभाग का कार्यभार संभालते ही प्रत्येक अंचल कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगाने की घोषणा की थी। इस घोषणा को प्रधान सचिव श्री सीके अनिल ने अमली जामा पहनाते हुए सभी 537 अंचलों के लिए सभी जिलों को 6.71 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दिए थे। निर्देश के अनुसार प्रति अंचल सीसीटीवी अधिष्ठापन पर 1.25 लाख रुपये खर्च करना है। अब कैमरों की क़्वालिटी को लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश जारी होने से इसमें होने वाली गड़बड़ियों को रोका जा सकेगा। राज्य के अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी अधिष्ठापन को लेकर उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में कहा है कि राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# सोनपुर में एयरपोर्ट निर्माण की मिली मंजूरी : 4200 एकड़ लैंड पर बनेगा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा



, नीतीश कैबिनेट में 35 एजेंडों पर लगी मुहर111सारण जिले के सोनपुर में एयरपोर्ट बनेगा। 4200 एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड् डा बनाया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोतित कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। कैबिनेट की बैठक में 35 एजेंडों पर मुहर लगी है। प्रस्तावित एयरपोर्ट हाजीपुर-डुमरिया के बीच दरियापुर चंवर क्षेत्र में बनेगा। सरकार ने इसे वर्ष 2030 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इस एयरपोर्ट का रनवे इतना आधुनिक और लंबा होगा कि यहां दुनिया के सबसे बड़े यात्री विमानों में शामिल एयरबस अ380 जैसे विमान भी उतर सकेंगे। केंद्रीय बजट में सोनपुर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को मंजूरी मिलने के बाद बिहार सरकार ने आगे की प्रक्रिया तेज की। राज्य सरकार ने कैबिनेट से मंदूरी दे दीहै। अब जमीन अधिग्रहण के लिए राज्य सरकार ने 1302 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है।4200 मीटर लंबे दो रनवे होंगे, सभी फ्लाइट उतर सकेंगी सोनपुर एयरपोर्ट की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि यहां 4200 मीटर लंबाई के दो रनवे प्रस्तावित हैं। रनवे की पर्याप्त लंबाई के कारण यहां सभी प्रकार के विमान उतर सकेंगे। एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। दिल्ली, हैदराबाद, नवी मुंबई और नोएडा (जेवर) इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाद यह देश का 5वां सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। अगर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की बात करें तो देशभर में अब तक 23 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे विकसित किए जा चुके हैं। इस लिहाज से सोनपुर हवाई अड्डा 24वां ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा। इससे पहले 6 फरवरी को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 17 एजेंडों पर मुहर लगाई गई थी। इनमें सबसे अहम फैसला पॉक्सो मामलों की सुनवाई तेज करने को लेकर था। राज्य में पॉक्सो के करीब 6 हजार मामले लंबित हैं। इन मामलों के त्वरित निपटारे के लिए सरकार ने विशेष अदालतों में पद सृजन का निर्णय लिया, जिसे कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। बताया गया कि हॉस्टल में नीट छात्रा के साथ हुई रेप और मौत की घटना के बाद सरकार ने यह कदम उठाया, ताकि संवेदनशील मामलों में तेजी लाई जा सके।

## गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नियम में संशोधन को मिली थी स्वीकृति

इसके अलावा 15 साल पुरानी गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नियम में संशोधन को भी कैबिनेट की स्वीकृति मिली थी। यह नियम सरकारी और गैर-सरकारी दोनों प्रकार के वाहनों पर लागू होगा। सरकार का कहना है कि इस बदलाव से परिवहन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सकेगा।

## 'राज्य नागरिक सुरक्षा संहिता' लिखने को दी थी हरी झंडी

कैबिनेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218(3) में संशोधन को भी मंजूरी दी। इसमें ह्लभारतीयह्व के स्थान पर राज्य नागरिक सुरक्षा संहिता लिखे जाने को हरी झंडी दी गई। साथ ही जिलास्तरीय बैठकों में सांसद और विधायक के प्रतिनिधियों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मिलने वाली सहायता राशि को दोगुना करने का फैसला भी लिया गया है। वहीं नगर परिषद में स्थायी सशक्त समिति के गठन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय पर मुहर लगी थी।

## एक नजर

### पति की हत्या मामले में पत्नी को आजीवन कारावास, अदालत का सख्त फैसल

**बेतिया।** बेतिया में पति की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में अदालत ने आरोपी पत्नी नेहा उर्फ नूरजहां को दोषी ठहराते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उस पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुमार्ना अदा नहीं करने की स्थिति में छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह फैसला जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) मानवेंद्र मिश्रा की अदालत ने सुनाया। मामला धनहा थाना कांड संख्या 204/2025 से संबंधित है।अभियोजन पक्ष के अनुसार, 23 जून 2025 की रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच घरेलू विवाद के दौरान नेहा ने अपने पति मनोज पर चाकू से कई वार किए। गंभीर रूप से घायल मनोज को परिजन अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।मामले में सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य मृतक का मृत्यु पूर्व बयान (डाइंग डिक्लेरेशन) रहा, जिसमें मनोज ने अपनी पत्नी द्वारा हमला किए जाने की बात कही थी। अदालत ने इस बयान को अहम साक्ष्य मानते हुए दोष सिद्ध किया। मृतक की मां ने भी अदालत में गवाही दी कि उनका बेटा खून से लथपथ अवस्था में दरवाजे पर मदद मांग रहा था। इस गवाही ने अभियोजन पक्ष के मामले को मजबूती प्रदान की। मामले की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के तहत की गई। लगभग 30 दिनों के भीतर आठ गवाहों की गवाही पूरी की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक जितेंद्र भारती ने प्रभावी पैरवी की। सभी साक्ष्यों और गवाहियों पर विचार करने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सख्त सजा सुनाई।

### मुआवजा नहीं दिया तो कलेक्ट्रेट होगा कुर्क! औरंगाबाद कोर्ट का सख्त आदेश, प्रशासन में हड़कंप

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद की एक अदालत ने जिला कलेक्ट्रेट (समाहरणालय) की कुर्की का आदेश जारी किया है। यह मामला भूमि अधिग्रहण में मुआवजे के भुगतान में अत्यधिक विलंब से जुड़ा है। न्यायिक आदेश की लगातार अवहेलना पर औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) प्रथम डॉ. दीवान फहद की अदालत ने सख्त रुख अपनाया। अदालत ने आदेश का पालन नहीं होने पर औरंगाबाद जिला कलेक्ट्रेट (समाहरणालय) को कुर्क करने का निर्देश दिया है। अदालती आदेश के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।मामले में जारी आदेश में अदालत ने स्पष्ट कहा कि डिक्री, यानी न्यायालय के पूर्व फैसले का अनुपालन नहीं किया गया, जबकि संबंधित विभाग को पर्याप्त समय दिया गया था। इसके बावजूद मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए कोर्ट के नाजिर को निर्देश दिया है कि 15 दिनों के भीतर कुर्की की कार्रवाई कर रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करें।नहर निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़े इस मामले में कोर्ट के आदेश के बावजूद डिक्रीधारी हरे कृष्ण प्रसाद को अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसे लेकर कोर्ट द्वारा औरंगाबाद की जिला विधि शाखा को कई बार समय दिया जा चुका है। सरकारी अधिवक्ता बृजा प्रसाद सिंह ने बताया कि न्यायालय द्वारा शो-कॉज नोटिस जारी किए जाने के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया कि मुआवजा भुगतान कब किया जाएगा। इसी कारण अदालत ने सख्त कदम उठाते हुए कुर्की का आदेश पारित किया। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 09 मार्च निर्धारित की है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन कोर्ट के आदेश का पालन करता है या मामला और गंभीर मोड़ लेता है।

# होली से पहले मुजफ्फरपुर पुलिस का बड़ा एक्शन, 70 लाख की अवैध शराब जब्त



**एजेंसी। पटना**

होली पर्व से पहले मुजफ्फरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर 70 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब बरामद की है। यह कार्रवाई विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस ने एक ट्रक और तीन पिकअप वैन जब्त की हैं। जब्त शराब की कीमत 70 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।विशेष अभियान में बड़ी सफलताजिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। गरहा थाना क्षेत्र के पटियासा इलाके में पुलिस ने प्याज से लदे एक ट्रक से 535 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शराब माफिया ट्रक से माल उतारने की तैयारी में थे। ट्रक के अंदर प्याज की बोरियों के नीचे अवैध शराब छिपाई गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खेप जब्त कर ली। शराब को अनलोड करने के लिए मंगाई गई तीन पिकअप वैन भी जब्त की गई हैं। वहीं, मनियारी थाना क्षेत्र में भी बड़ी कार्रवाई करते हुए धान के भूसे से लदी एक पिकअप से 1225 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। बताया जा रहा है कि यह खेप ग्रामीण रास्ते से वैशाली ले जाई जा रही थी। पुलिस को देखते ही चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे वाहन समेत पकड़ लिया। होली को देखते हुए जिले में शराब तस्करों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। एसडीपीओ टाउन-2 बिनीता सिन्हा ने बताया कि होली पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर पटियासा के पास बसवारी इलाके से एक ट्रक और तीन पिकअप वैन के साथ लगभग चार हजार लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है।उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में अहियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा और शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मुंगेर में 3 मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ हथियार और उपकरण के साथ 3 गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

मुंगेर पुलिस ने नयारामनगर थाना क्षेत्र के बनरघट्टा पहाड़ी पर तीन मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। तीन आरोपी गिरफ्तार, तैयार और अर्धनिर्मित पिस्टल, मैगजीन और हथियार निर्माण उपकरण बरामद। मुंगेर में अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नयारामनगर थाना क्षेत्र के बनरघट्टा पहाड़ी पर चल रही तीन मिनीगन फैक्टरी का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से तैयार और अर्धनिर्मित पिस्टल के साथ भारी मात्रा में हथियार बनाने का उपकरण बरामद किया गया है।गुप्त सूचना के आधार पर रामनगर थाना क्षेत्र के पुलिस ने बनरघट्टा पहाड़ी पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वहां मौजूद तीन लोग भागने लगे, जिन्हें पुलिसकर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिजार्पुर बरदह गांव निवासी शाहवाज आलम उर्फ बिल्ला, मो. तारीख अनवर उर्फ चुन्ना और मो. मेहताब के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मौके पर तीन मिनीगन फैक्टरी संचालित हो रही थी, जहां अवैध हथियार बनाए जा रहे थे। छापेमारी के दौरान तीन तैयार पिस्टल मैगजीन सहित, दो अर्धनिर्मित पिस्टल, दो अतिरिक्त मैगजीन, तीन बेस मशीन, एक हैंड ड्रिल मशीन समेत हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण बरामद किए गए। डीएसपी साइबर सह प्रभारी डीएसपी सदर राकेश रंजन ने बताया कि गिरफ्तार तीनों में दो हथियार कारीगर और एक तस्कर शामिल है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यहां बने हथियार किन-किन इलाकों में सप्लाई किए जाते थे।

# वैशाली में 9 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला, दो थाना अध्यक्ष भी बदले गए

**एजेंसी। पटना**

वैशाली एसपी विक्रम सिहाग ने वैशाली जिले में 9 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। कार्यकाल पूरा होने पर दो थाना अध्यक्षों का भी तबादला किया गया है, जबकि बाकी पुलिसकर्मियों के तबादले प्रशासनिक दृष्टिकोण से किए गए हैं। सभी पुलिस पदाधिकारियों को 24 घंटे के अंदर अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।यह विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार है जब वैशाली जिले में इतनी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों का तबादला हुआ है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के बाद नए एसपी के रूप में विक्रम सिहाग को वैशाली जिले में पुलिस मुख्यालय की ओर से पदस्थापित किया गया था। उन्होंने वैशाली जिले में योगदान देने के बाद यह पहला बड़ा तबादला किया है।बताया गया है कि वैशाली जिले के राघोपुर और सराय थाने के थाना अध्यक्षों समेत 9 पुलिस पदाधिकारियों को अलग-अलग थानों और विभागों में तैनात किया गया है। पुलिस निरीक्षक मणि भूषण को थाना अध्यक्ष सराय से जिला





सूचना इकाई में, जबकि पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार को थाना अध्यक्ष राघोपुर से साइबर थाना वैशाली अनुसंधान इकाई में तैनात किया गया है। पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र कुमार अंचल पुलिस निरीक्षक महुआ से पुलिस केंद्र हाजीपुर में, और पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार अंचल पुलिस निरीक्षक सदर से महुआ थाना प्रवेक्षी पदाधिकारी बनाए गए हैं। इसके अलावा, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता महुआ थाना प्रवेक्षी पदाधिकारी से पुलिस केंद्र हाजीपुर में तैनात किए गए हैं। पुलिस निरीक्षक रणवीर कुमार झा जिला सूचना इकाई से अंचल पुलिस निरीक्षक महुआ बने हैं, जबकि पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश साइबर थाना वैशाली अनुसंधान इकाई से अंचल पुलिस निरीक्षक सदर में तैनात किए गए हैं। पुलिस अवर निरीक्षक संजिव कुमार अपर थाना अध्यक्ष सदर से सराय थाना अध्यक्ष बनाए गए हैं और पुलिस अवर निरीक्षक अवधेश कुमार अपर थाना अध्यक्ष भगवानपुर से थाना अध्यक्ष राघोपुर में तैनात किए गए हैं।एसपी ने सभी थाना अध्यक्षों और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान देना सुनिश्चित करें। बता दें कि राज्य में गृह विभाग जब से भाजपा के खाते में आया है तब से लगातार बड़े बदलाव देखे जा रहे हैं।

# अवैध डीजे गाड़ियों पर परिवहन विभाग का एक्शन शुरू, कई जिलों से बिना रजिस्ट्रेशन वाहन जब्त

**एजेंसी। पटना**

बिहार में अवैध रूप से चल रहे डीजे वाहनों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। राज्य सरकार के निर्देश के बाद परिवहन विभाग ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, जो बिना रजिस्ट्रेशन और बिना वैध अनुमति के सड़कों पर डीजे लगाकर परिचालन कर रहे थे। अलग-अलग जिलों में परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे को जब्त भी किया जा रहा है। साथ ही ऐसे वाहनों की जब्ती की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। इस संबंध में परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने स्पष्ट कहा है कि विभाग के अधिकारियों



द्वारा अभियान शुरू कर दिया गया है. गलत तरीके से डीजे वाहनों के परिचालन पर रोक लगेगी. उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। अब जमीनी स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। गौरतलब है कि परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को विधान परिषद में कहा था कि 15 दिनों के भीतर अवैध डीजे वाहनों पर पूरी तरह रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन वाहनों को बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के डीजे वाहन में बदल दिया गया है, उनकी जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत मोटर वाहन अधिनियम और ध्वनि प्रदूषण से संबंधित नियमों के तहत जुमार्ना, वाहन जब्ती और आवश्यक होने पर गिरफ्तारी भी की जा सकती है। सरकार का मानना है कि बिना अनुमति चलने वाले डीजे वाहन न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण का भी बड़ा कारण बनते हैं। शादी-विवाह, जुलूस और अन्य आयोजनों में तेज आवाज में डीजे बजाने से आम लोगों, खासकर बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को काफी परेशानी होती है। अस्पताल, स्कूल और रिहायशी इलाकों में अत्यधिक शोर से जनजीवन प्रभावित होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी विशेष व्यवस्था करने की बात कही है। बता दें. गुरूवार को बिहार विधान परिषद में यह मामला उठा था. कई विपक्षी सदस्यों ने सदन में यह सवाल उठाया था कि अवैध डीजे पर पूर्ण रूप से रोक लगे. इस पर परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने साफ कहा था कि 15 दिनों में इस पर रोक लगेगी.

# पटना में वाहन जांच के दौरान 18 लाख से अधिक कैश बरामद, जांच में जुटा इनकम टैक्स

**एजेंसी। पटना**

पटना में चल रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी के निदेर्शा पर जिले में फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के उद्देश्य से विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19-20 फरवरी 2026 की देर रात जेपी सेतु पर दीघा थानांतर्गत पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग की जा रही थी।जांच के दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में वाहन से अठारह लाख पांच हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस द्वारा वाहन चालक से उक्त राशि के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन वह राशि के स्रोत एवं उपयोग के संबंध में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके उपरांत पुलिस ने विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए पूरी राशि को जब्त कर लिया तथा मामले की सूचना आयकर विभाग को दे दी गई है, ताकि राशि के स्रोत और वैधता की जांच की जा सके। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-02, विधि व्यवस्था, पटना दिव्यांजली जायसवाल द्वारा आधिकारिक बयान जारी कर बताया गया कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा और संदिग्ध मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी।